an>

title: Need to expedite the completion of Rohtang tunnel and to lay transmission line in Rohtang tunnel.

श्री रामस्वरूप शर्मा (मंडी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व लोहल-स्पीति जिले में निर्माणाधीन रोहतांग सुरंग की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं। इस सुरंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास 3 जून, 2001 को पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। 10 हजार फीट की ऊंचाई पर बनने वाली यह सुरंग लेह, लद्दाख के लिए सारा साल विकल्पित मार्ग प्रदान करेगी। सुरक्षा की दृष्टि से यह सुरंग अति महत्वपूर्ण है। सुरंग के बनने से मनाली से केलांग की दूरी जो 5-6 घंटे में पूर्ण की जाती थी, वह आधे घंटे में पूर्ण होगी। इस सुरंग का निर्माण कार्य इसी वर्ष पूर्ण होना था, लेकिन अभी तक 3 किलोमीटर सुरंग का निर्माण कार्य शेष बचा है। निर्धारित अवधि में इसका निर्माण कार्य संभव नहीं हो सका। सीमा सड़क संगठन, बीआरओ इस कार्य को शीघ्र पूर्ण करे। हिमाचल प्रदेश के लोहल-स्पीति जिले में उत्पादित जल विद्युत परियोजनाओं के ट्रांसमिशन के लिए इस सुरंग में कोई भी प्रावधान नहीं रखा गया है। इस क्षेत्र में 2,292 मेगावॉट क्षमता की 37 परियोजनाएं निर्माणाधीन चल रही हैं। यदि इस रोहतांग टनल में ट्रांसमिशन लाइन बिछाने की व्यवस्था कर दी जाए तो इन परियोजनाओं से दोहन की गई विद्युत राष्ट्रीय ग्रिड तक पहुंच जाएगी, धन्यवाद।